प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

सर्वोच्च न्यायालय, वक्फ–संशोधन अधिनियम– 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना सहित तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ आज इस मामले की सुनवाई करेगी। न्यायालय ने पिछले महीने की 17 तारीख को अपनी सुनवाई में स्पष्ट किया था कि आज की पोस्टिंग प्रारंभिक सुनवाई के लिए है। अगर जरूरत होती है तो अंतरिम आदेश पारित किए जाएंगे। पिछली सुनवाई में केन्द्र सरकार ने न्यायालय द्वारा कुछ चिंताए व्यक्त किए जाने के बाद संशोधन अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर रोक लगाने का निर्णय लिया था। केन्द्र ने आश्वस्त किया था कि वक्फ–बाय–यूजर्स जमीन सहित पंजीकृत या अधिसूचित वक्फ जमीन प्रभावित नही होगी। केन्द्र ने केन्द्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में नियुक्ति नही करने का भी निर्णय लिया था।

00000

जयपुर में आयोजित ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार के तहत आज से दो दिवसीय ट्रेवल प्रदर्शनी लगाई गई है। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में हो रहे इस दो दिवसीय आयोजन में 55 देशों से आए 280 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदार, ट्रेवल एक्सपर्ट और पर्यटन उद्यमी भाग ले रहे है। इससे पहले कल इस संबंध में 'मीट इन इंडिया' कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। शाम को देशी–विदेशी मेहमानों के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान केवल एक ट्रेवल मार्ट नहीं है, यह एक संभानाओं का मंच है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पर्यटन के लिए अनंत सम्भावनाएं हैं और यहां ग्रामीण पर्यटन और वन्य पर्यटन में भी अनेक अवसर हैं।

0000

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विश्व श्रम दिवस के सिलसिले में इन दिनों असंगठित कामगारों के लिए विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में कल से शिविर लगाकर ई श्रमिक कार्ड के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि 8 मई तक चलने वाले इन शिविरों में 18 से 60 साल तक की आयु के असंगठित मजदूर जरूरी दस्तावेज के साथ संपर्क कर सकते है। शिविरों में सरकार की श्रम कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।

0000

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव आज एक दिन की यात्रा पर जोधपुर पंहुचे। वे यहां रेल्वे के कार्यक्रम में शिरकत कर रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री वैष्णव की यात्रा को देखते हुए जिला प्रशासन ने आवश्यक इंतजाम किए है। केन्द्रीय मंत्री का दोपहर बाद दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

0000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल अजमेर में विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। शहर के वार्ड 72, 79 और 80 में मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत बनने वाली इन सड़कों पर 1 करोड़ रूपये से अधिक की लागत आयेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री देवनानी ने कहा कि अजमेर को बेहतर शहर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अजमेर में 600 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इन योजनाओं के तहत तीन रिजर्वायर बनाए जाएंगे। 42 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक साइंस पार्क का निर्माण किया जाएगा। कोटड़ा में सैटेलाइट हॉस्पिटल सहित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में 115 करोड रुपए की लागत से सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक का निर्माण भी किया जाएगा।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आज से आरएएस भर्ती परीक्षा 2023 के दूसरे चरण के साक्षात्कार हो रहे है। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा परिणाम 2 जनवरी को जारी किया गया था। इसमें 2 हजार 168 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया था। इस चरण के साक्षात्कार 16 मई तक चलेंगे।

00000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से ज्येष्ठ महीने में भी मौसम सुहाना बना हुआ है। आज भी कई स्थानों पर आंधी बारिश की गतिविधियों के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पश्चिमी जिलों में अधिकांश जगहों पर शनिवार रात से शुरू हुआ आंधी बारिश का दौर जारी है। कई इलाकों में तेज आंधी के चलते जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। पाली, जालोर, जोधपुर, जैसलमेर, सिरोही, बाड़मेर सहित कई जिलों में पेड़ गिरने, टेंट उड़ने और बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी घटनाएं सामने आई है। ब्यावर के रायपुर के पास आज सुबह तेज हवा के चलते दिल्ली से अहमदाबाद जा रही मालगाड़ी के तीन कंटेनर उतर गये, इससे बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। दुर्घटना मे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं हैं। श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ और श्री करणपुर  क्षेत्र में आज भी बरसात का दौर जारी है। इसी तरह कोटा, बारां, झालावाड और दक्षिणी जिलों में भी मौसम का मिजाज आज बदला हुआ हैं। बारां में आज आये तूफान से टीन टप्पर उड गये, कच्चे मकान धराशाही हो गए। उधर पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंटआबू में मौसम खुशमिजाज बना हुआ है। वहां सुबह के वक्त धुंध छाई रही।

0000